हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

11 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता रैली निकाली



12 डेली डायरी को ऑनलाइन करने का अध्यापकों ने किया विरोध



## खबर संक्षेप

### पुराने टायर चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** दुकान से पुराने टायर चोरी करने के मामले में थाना अटेली पुलिस ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान संदीप वासी बहू थाना साल्हावास जिला झज्जर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को गुरुग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### खातोदड़ा का युवक अवैध हथियार के साथ दबोचा

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित विनीत वासी खातोदड़ा को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दो युवकों ने घर से नकदी और सामान किया चोरी

**कनीना।** कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव भोजावास में चोरों ने एक घर में दबशि देकर कीमती सामान व हजारों रूपये की नकदी चोरी कर ली। अजय कुमार ने बताया कि वह सप्ताहभर पूर्व अपने मकान को बंद कर दिल्ली चला गया था। दो दिन पूर्व आकर देखा तो रसोईघर का ताला टूटा हुआ था। जिसमें से गैस सिलेंडर व पूजा घर में रखे गए पांच-सात हजार रुपये गायब मिले।

### मारपीट के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** आपसी कहासुनी को लेकर लाठी-डंडों से चोट मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान सोनू वासी नांगल सिरोही के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ पहले भी अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपित सेंधमारी और हत्या के मामले में वांछित था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

*कनीना मंडी सरसों की खरीद में बरती जा रही धांधली को लेकर आई सुर्खियों में*

# 3 हजार क्विंटल सरसों का अवैध स्टॉक पकड़ा राजस्थान से लाकर बिक्री करने का था प्लान

*सीएम फ्लाइंग की रेवाड़ी व नारनौल की टीम ने सेहलंग में छापेमारी कर तीन हजार क्विंटल सरसों का अवैध स्टॉक पकड़ा*

- समाचार लिखे जाने तक अधिकारियों द्वारा मार्केट फीस, जुर्माना व जीएसटी का किया रहा था कैलकुलेशन
- विभिन्न गांवों में बने निजी गोदामों पर भी अवैध स्टॉक होने की संभावना
- मंगलवार सांय साढ़े पांच बजे से जारी है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना मंडी आजकल कभी सरसों खरीद मामले तो कभी धर्मकांटे के वजन में फर्क तो कभी उठान कार्य में देरी होने जैसे कारणों को लेकर मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है।

खरीद कार्य में धांधली के आरोपों को लेकर सोमवार को जिला उपायुक्त डा. विवेक भारती ने मंडी का निरीक्षण कर मार्केट कमेटी सहित खरीद एजेंसी को खरीद कार्य में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए थे। इस दौरान मंडी में डीएफएससी केक बूरा, स्टेट वेयर हाउस की डीएम रेखा मलिक, प्रबंधक सीमा सिंह, मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह सहित व्यापारी, कर्मचारी व किसान भी उपस्थित थे। खरीद एवं उठान कार्य में लगे आरोपों को लेकर आज मंगलवार को एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने खरीद एजेंसी, मार्केट कमेटी, व्यापारियों तथा उठान ठेकेदार के बयान कलमबद्ध किए हैं।



कनीना। सेहलंग में इस निजी गोदाम पर छापेमारी में मिली तीन हजार क्विंटल सरसों।

### बाहर से आ रही सरसों पर नजर नहीं

सरसों की बाहर से आवक रोकने तथा डुप्लीकेट सरसों पर कहने को तो मार्केट कमेटी पूरे क्षेत्र में नजर रख रही है लेकिन उनकी नजर वहां पर फेल हो जाती है जहां हजारों क्विंटल का अवैध रूप से स्टॉक किया हुआ होता है। ऐसे मामलों का गुप्तचर विभाग द्वारा पर्दाफास किया जा रहा है जो मार्केट तथा खरीद एजेंसी के लिए शर्म की बात है। हालांकि विगत सप्ताह मार्केट कमेटी ने राजस्थान से कनीना मंडी में आए सरसों के दो ट्रकों को अलग-अलग तिथियों को काबू किया था। जिनमें 500 क्विंटल सरसों भरी मिली थी। मार्केट कमेटी की ओर से इन पर करीब 37 हजार रुपये की मोटी फीस व करीब छह हजार रुपये जुर्माना लगाकर चलता कर दिया था। जबकि जीएसटी टीम को सूचना तक नहीं दी गई। जानकारी मिलने पर अब जीएसटी वाले ट्रकों की पहचान करते फिर रहे हैं।

### निजी गोदाम पर छापेमारी

मंगलवार सायं करीब साढ़े पांच बजे मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी व नारनौल की टीम द्वारा कनीना सब डिवीजन के गांव सेहलंग स्थित एक निजी गोदाम पर छापेमारी की। जहां 3000 क्विंटल सरसों का स्टॉक मिला। बागोत रोड पर बना यह गोदाम राजेंद्र सिंह वासी सेहलंग का बताया गया है। जिसका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। ना ही कोई बिल पर्चा मिला। टीम ने मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह को मौके पर बुला कर मार्केट फीस व जुर्माने की दिशा में कार्रवाई को कहा है, वहीं जीएसटी टीम को भी मौके पर पहुंचने की सूचना दी है। टीम ने माना कि अवैध रूप से स्टॉक की गई सरसों राजस्थान से लाई गई है। जिसे किसानों के टोकन के माध्यम से सरकारी रेट पर कनीना अनाज मंडी में बेचने की तैयारी थी। **जांच में जुटी टीम:** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता निरीक्षक राजेश, अश्वनी कुमार एसडीओ कम ड्यूटी, जीएसटी टीम के इंचार्ज विक्रांत कुमार व मार्केट कमेटी कनीना के सचिव विजय सिंह सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा गोदाम में किए गए सरसों के स्टॉक की जांच कार्रवाई जारी थी। कनीना के अनेक गांवों में गोदाम बने बने हुए हैं जहां सरसों व गेहूं का अवैध स्टॉक होने की पूरी संभावना है।

## ग्रामीणों ने किया महर्षि च्यवन का बैनर लगाने का विरोध

*मंगलवार प्रातः गांव के रघुनाथ मंदिर में ग्रामीणों ने उठाई कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम से रखने की मांग*

# कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण पर राजनीति

मेडिकल कॉलेज के गेट पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लगाए राव तुलाराम अमर रहे के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





नारनौल। कोरियावास के रघुनाथ मंदिर में मीटिंग करते ग्रामीण व मेडिकल कॉलेज गेट पर प्रदर्शन करते लोग। फोटो : हरिभूमि

कोरियावास की पंचायत एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन रखे जाने का विरोध करना शुरू कर दिया है। सोमवार सायंकाल को जब कर्मचारियों द्वारा मेडिकल कॉलेज के प्रवेश द्वार पर महर्षि च्यवन चिकित्सा महाविद्यालय लिखा बैनर गेट पर चस्पाया जा रहा था।

ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने मौके पर पहुंचकर इसका विरोध करना शुरू कर दिया। विरोध के चलते कर्मचारी गेट पर बैनर नहीं लगा पाए। ग्रामीणों ने इस मेडिकल कॉलेज का नाम च्यवन ऋषि की बजाए आजादी के महानायक वीर शहीद राजा राव तुलाराम के नाम से रखे जाने की पुरजोर मांग की है। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने गांव के मंदिर में बैठक भी की।

गांव के रघुनाथ मंदिर में मंगलवार प्रातः हुई ग्रामीणों की सामूहिक मीटिंग की अध्यक्षता सरपंच मोनिका के प्रतिनिधि ससुर नौनिहाल सिंह यादव ने की। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने गांव कोरियावास में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया है। इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत कोरियावास ने सरकार को करीब 76 एकड़ 6 कनाल 13 मरला जमीन मात्र एक रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दी थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मांग है कि इस मेडिकल कॉलेज का नाम आजादी के महानायक वीर शहीद राजा राव तुलाराम के नाम से रखा जाए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत व गांव के मौजिज लोगों ने गत 29 जुलाई 2024 को पत्र लिखा था, जिसमें ग्रामीणों ने मेडिकल कॉलेज का नामकरण के साथ–साथ यहां की जाने वाली भर्तियों में आरक्षण की मांग की थी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गांव के बेरोजगारों को लगाया जाए। उन्होंने बताया कि इससे पहले 25 मई 2023 को केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल को भी इस बाबत पत्र लिखा था, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इतना ही नहीं, गत वर्ष 22 जुलाई 2024 को भी पंचायत ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं सीएम नायब सिंह सैनी को अपनी मांगों से पुनः अवगत कराते हुए फिर से पत्र लिखा, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। सरपंच प्रतिनिधि समेत गांव के मौजिज लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो मेडिकल कॉलेज के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

मीटिंग में नौनिहाल सिंह के अलावा बाबूलाल पंच, सुरेंद्र सिंह, बलवंत सिंह नंबरदार, सतीश कुमार, भगवान सिंह, राम अवतार, छोटेलाल, महीपाल सिंह, बुधराम, संतलाल, रामनिवास, बुधराम, बहादुर सिंह, सुबेसिंह नंबरदार, जगदीश, मैनपाल, विक्रम सिंह, रामसिंह, महेश, नितेश, सुबेसिंह, भालसिंह, रामकिशन, अशोक, बिरेंद्र सिंह, श्योताज सिंह, कैलाश जाखड़, लीलाराम मास्टर, आर यादव पंच, अभयसिंह, रणबीर सिंह, अमरसिंह पहलवान, धर्मबीर सिंह, रामसिंह, पूर्व सरपंच दलीप सिंह, होशियार सिंह एवं पतराम यादव समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### नामकरण का विरोध महर्षि च्यवन का अपमान : मानव

**नारनौल।** ग्राम पंचायत कोरियावास ने मेडिकल कॉलेज के लिए बिना शर्त जमीन देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया था, लेकिन अब पंचायत सदस्यों तथा ग्रामवासियों द्वारा महर्षि च्यवन के नाम पर मेडिकल कॉलेज के नामकरण का विरोध करना तथा उनके नाम का बोर्ड न लगने देना अनुचित ही नहीं, दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण भी है। अब मेडिकल कॉलेज के नामकरण का विरोध करना अनुचित और महर्षि च्यवन का अपमान भी है। मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट नारनौल के चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास 'मानव' ने प्रश्न किया है कि जब जमीन बिना शर्त दी गई थी तो अब कालेज का नामकरण ग्राम पंचायत की सलाह पर न करने की बात कहकर विरोध क्यों? प्रदेश में कुल 11 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें से छह सरकारी और पांच गैर-सरकारी हैं। इन सभी कालेजों का नामकरण जिन विभूतियों के नाम पर किया गया है, उनमें से किसी का भी चिकित्सा या चिकित्सा विज्ञान से कभी कोई संबंध नहीं रहा। मेडिकल कॉलेज कोरियावास प्रदेश का 12वां और सातवां सरकारी मेडिकल कॉलेज होनेके साथ प्रदेश का पहला ऐसा मेडिकल कॉलेज है, जिसका नामकरण एक महान चिकित्सक महर्षि च्यवन के नाम पर किया गया।

### निजी स्कूलों में पुस्तकों की जांच करेगा शिक्षा बोर्ड उड़नदस्ता

- निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकते

**नारनौल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार एवं सचिव मुनीश नागपाल ने मंगलवार प्रेस वक्तव्य में बताया कि प्रदेशभर में कोई भी अराजकीय विद्यालय अभिभावकों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता है।

हरियाणा सरकार द्वारा यह कदम अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विद्यालयों में पढ़ाई जा रही पाठ्य-पुस्तकों की चैकिंग के लिए विशेष उड़नदस्ते गठित किए जाएंगें। बोर्ड द्वारा गठित उड़दस्तों द्वारा चैकिंग के दौरान यदि कोई विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार व शिक्षा बोर्ड के निर्देशों की अवहेलना करता पाया जाता है तो उनके खिलाफ बोर्ड द्वारा सम्बद्धता नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

वहीं इसे शिक्षा के अधिकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने बताया कि निजी विद्यालयों को ऐसी किताबों पर रोक लगा देनी चाहिए जो न तो जरूरी हैं, और न ही नीति के अनुसार हैं।

डीपीसी को तोड़ती जेसीबी



# खोड़ में 8 एकड़ में अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

- करीब 25 डीपीसी, चार चारदीवारी व पांच अवैध निर्माण के साथ रोड नेटवर्क को उखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला नगर योजनाकार की टीम शहरी क्षेत्र अटेली में राजस्व सम्पदा गांव खोड़ में (अटेली से कनीना रोड पर) करीब आठ एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में मंगलवार तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

इसमें करीब 25 डीपीसी, चार चारदीवारी व पांच अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता धर्मपाल, योगेन्द्र कुमार, विकास, नरेश कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई। इस संबंध में जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने बताया कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा महानिदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से लाईसैन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए आम जन से बार-बार यही कहा जा रहा है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय नारनौल से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार नारनौल ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## भात कार्यक्रम में गया परिवार, बंद मकान में चोरी

- मॉर्निंग वॉक करने गए लोगों ने मकान मालिक को दी सूचना

**नारनौल।** शहर में चोरों ने एक बंद मकान से लाखों रुपये के आभूषण और चार लाख के करीब कैश चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ति ने सिटी पुलिस में शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ति जगमोहन तायल से शिकायत में बताया है कि उनका रेलवे रोड पर रेलवे स्टेशन के सामने मकान बना हुआ है। बीती रात को उनका पूरा परिवार गुरुग्राम में भात के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था। पीछे से चोर दरवाजों को तोड़कर घर के अंदर घुस गए। जिसके बाद उन्होंने घर में रखा सारा सामान बिखेर दिया। इसके बाद चोरों ने घर में रखे करीब चार लाख रुपये नकद चुरा लिए। वहीं चोरों ने करीब दस तोला सोने के जेवरात के अलावा चांदी के भी लाखों रुपये के जेवरात चुरा लिए। इस बारे में सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों ने उनको फोन कर सूचना दी कि उनके घर के दरवाजे टूटे हुए हैं। शायद उनके घर में चोरी हो गई है। जिसके बाद परिवार वाले गुरुग्राम से सुबह करीब 11 बजे पहुंचे। उनके आने के बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस के आने के बाद उन्होंने लिखित में शिकायत देकर चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है।



नारनौल। अलमारी से निकाले गए आभूषण व कैश। फोटो :हरिभूमि

## अगले सप्ताह से धरातल पर उतरेंगे विकास कार्य, डीएमसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

- ऑटो मार्केट में बनने वाले नगर पालिका के भवन के लिए हटाया जाएगा टैक्सी स्टैंड, झोपड़ी हटाने के भी दिए निर्देश

**महेंद्रगढ़।** डीएमसी ने मंगलवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएमसी ने नपा के अधिकारियों को अगले सप्ताह से अन्य विकास कार्य शुरू कराने के आदेश जारी किए है। इस मौके पर नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी भी मौजूद रहे। डीएमसी ने नपा अधिकारियों को साथ लेकर शहर के 11 हट्टा बाजार, मसानी चौक से परशुराम चौक, आटो मार्केट, देवीलाल पार्क, सामुदायिक केंद्र, सैनी सभा से पंचमुखी हनुमान मंदिर रोड पर बन रहे नाले व सैनीपुरा स्थित कम्युनिटी सेंटर आदि का निरीक्षण किया। डीएमसी ने अधिकारियों को उच्च क्वालिटी के साथ तय समय के अंदर–अंदर ही निर्माण कार्य पूरा करने के दिशा निर्देश दिए।शहर में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। शहर के देवीलाल पार्क का नवीनीकरण के लिए एक एजेंसी को हायर कर लिया है।



महेंद्रगढ़। विकास कार्यों का निरीक्षण करते डीएमसी। फोटो :हरिभूमि

**हादसा** शर्ट की बाजू फंसने से थ्रेसर के लीवर को खींच नहीं पाया मजदूर

*सिरोही बहाली के पास खेत में गेहूं की फसल निकाल रहा था मजदूर*

# थ्रेसर की गिरारी में हाथ फंसने से मजदूर की मौत टुकड़े एकत्र कर करवाया गया शव का पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सिरोही बहाली के पास एक खेत में गेहूं की फसल निकाल रहे मजदूर का हाथ थ्रेसर की गिरारी में फंस गया। जिससे मजदूर खिंचता हुआ मशीन में चला गया और मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का निरीक्षण किया तथा टुकड़ों में शव एकत्र करके पोस्टमार्टम कराया गया है। हादसे के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

सिरोही बहाली निवासी वीरू कुमार पुत्र गुरूदयाल थ्रेसर पर मजदूरी करता है। मंगलवार की दोपहर खेत में गेंहू की फसल निकाल रहा था, इसी दौरान शर्ट की बाजू थ्रेसर की गिरारी में फंस गई। जैसे-जैसे शर्ट को गिरारी लपेटते गई वैसे ही हाथ मशीन में खिंचता गया। इस दौरान मजदूर ने हाथों का संकेत भी किया, किंतु पूली पकड़ाने का दबाव व ट्रेक्टर की आवाज में किसी ने ध्यान नहीं दिया। कुछ ही सेकेंड में मजदूर का सिर गिरारी में पिसता हुआ मशीन में चला गया। इसके बाद किसान ने ट्रेक्टर संचालक को आवाज दी और भागकर मशीन के गिरारी लीवर को खींचा। लेकिन तब तक मजदूर का घुटनों तक का अंग कट चुका था। घटना की सूचना पाकर थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी घटना स्थल पहुंचे, उन्होंने किसानों से पूछताछ करने के बाद हादसे का निरीक्षण किया है। मशीन को खोलकर शव के टुकड़ों को एकत्र किया तथा पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा गया है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के पिता का पहले ही देहांत हो चुका, अब इस हादसे के बाद परिजन गहरे सदमें में डूबे हुए हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में थाना इंचार्ज ने बताया कि क्षतिग्रस्त शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक पक्ष की शिकायत मिलने पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।





नांगल चौधरी। थ्रेसर मशीन से मजदूर का टुकड़ों में शव निकालते पुलिस कर्मी व थ्रेसर की गिरारियों में मृतक के फंसे हुए पैरों के पंजे।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

लाइफ Style

# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।





# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...

**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।



**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*



**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।

**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

**खबर संक्षेप**



## पंचायती 10 एकड़ जमीन से हटवाया अवैध कब्जा

**मंडी अटेली।** राता खुर्द में पंचायती जमीन पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को जिला प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में मंगलवार को हटा दिया। राता खुर्द के व ऊंचा-नीचा के लोगों ने करीब 12 एकड़ कृषि पंचायती जमीन पर तार बाड़ व पिल्लर लगा लिए थे। सूचना पाकर अटेली बीडीपीओ से पटवारी विपिन व गांव के सरपंच प्रवीण मौके पर पहुंचे तथा उनको हटाने के लिए बोला था।

## हमें जीते जी सद्कर्म ही करने चाहिए : मालड़ा

**महेंद्रगढ़।** सांसारिक जीवन छोड़ने के बाद मनुष्य के कर्म ही पीछे रह जाते हैं। इसलिए हमें जीते जी सद्कर्म ही करने चाहिए। उपरोक्त विचार सामाजिक कार्यकर्ता सुजान मालड़ा ने मंगलवार को गांव माजरा कलां के 82 वर्षीय वयोवृद्ध मुसद्दी लाल जोशी के निधन पर उनके आवास माजरा कलां में शोक सभा में व्यक्त किए।

## एसडीएम ने वाटर कूलर का किया उद्घाटन

**मंडी अटेली।** तहसील परिसर अटेली में गर्मी के मौसम को देखते हुए फिल्टर वाटर कूलर लगाया गया है, जिसका उद्घाटन एसडीएम (नारनौल) रमित यादव ने रिबन काटकर किया। तहसील परिसर में अब तक ठंडे पानी की कोई सुविधा नहीं थी।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने निकाली प्रभातफेरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव राता में आंगनबाड़ी की ओर से मंगलवार को प्रभातफेरी निकाली, जिसमें आंगनबाड़ी वर्कर व हैल्पर व बच्चे ओर नया सवेरा महिला एसएचजी की महिलाओं ने अपनी भागीदारी दिखाई। प्रभातफेरी के दौरान बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के मटके में गढियों के साथ प्रभात फेरी निकाली।

### बाल विवाह करने और करवाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# दुल्हा 21 और दुल्हन 18 वर्ष की है या नहीं, मैरिज पैलेस संचालक देखें

**बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा ही नहीं बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनन अपराध है : सरिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूक करती महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरीता शर्मा।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा के दिशा निर्देशानुसार आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया ( अक्खा तीज ) पर बाल विवाह रोकने के लिए गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत राजकीय उच्च विद्यालय हमीदपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरीता शर्मा ने कहा कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया (अक्खा तीज) का शुभ मुहूर्त है। इस दिन बहुत अधिक शादियां होती हैं। ऐसे मुहूर्त पर बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है। बाल विवाह करने व करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा ही नहीं बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनन अपराध है। उन्होंने बाल विवाह को रोकने के लिए समस्त जनसाधारण गांवों के मौजिज लोगों, सरपंचों, पुजारी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी वर्कर, टैंट हाउस, विवाह समारोह स्थल, नगर पार्षदों व समाज सेवियों से अपील की है कि आने वाली 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया (अक्खा तीज) के दिन आयोजित होने वाले बाल विवाह को रोकने में प्रशासन की मदद करें।

**सजा व जुर्माना दोनों का प्रावधान**

उन्होंने कहा कि मैरिज पैलेस व बैंक्वेट हॉल के संचालकों, मैरिज पैलेस के मालिक अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बंध में पहले दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करें। जांच के दौरान यदि लड़के की आयु 21 वर्ष से कम व लड़की की आयु 18 वर्ष से कम है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह एक कानूनन अपराध है। इस अधिनियम के अनुसार शादी के लिए लड़कों के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष व लड़कियों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह करता है, तो उसे इस अधिनियम के तहत सजा व जुर्माना दोनों हो सकता है। इस अधिनियम का उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना है। इस मौके पर विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने की शपथ भी दिलाई।



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- बीआर ज्ञानदीप स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

बीआर ज्ञानदीप स्कूल सुरजनवास में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विद्यालय संस्थापक राम सिंह यादव रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों की भी सराहना की।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें चेयरमैन रूपराम यादव, प्राचार्य रामवीर तथा मुख्यातिथि रामसिंह यादव ने मिलकर मां सरस्वती की वंदना की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मंच पर लोकनृत्य, नाट्य प्रस्तुति, देशभक्ति गीत, योग प्रदर्शन, एकांकी नाटक, हारमोनियम व तबला वादन जैसी रंगारंग गतिविधियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कक्षा छठी से 12 तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया।

विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं अनुशासन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का विकास ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। चेयरमैन रूपराम यादव ने बताया कि ज्ञानदीप स्कूल हर वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## जीवन में कोई कला जरूर अपनाएं : यादव

- यदुवंशी डिग्री कॉलेज में कला दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** बच्चों को संबोधित करते हुए।

यदुवंशी डिग्री कॉलेज में अन्तरराष्ट्रीय कला दिवस के आयोजन पर विद्यार्थियों ने सभी को संदेश देते हुए बताया कि हमें जीवन में किसी न किसी कला को अपनाना चाहिए। कला सीखने से रचनात्मकता के प्रति प्रेम उत्पन्न करती है। संस्था डायरेक्टर सुरेश यादव ने कहा कि कला ध्यान को मजबूत करती है।

हाथ, आंख के समन्वय में सुधार करती हैं तथा समस्या समाधान सिखाने में मदद करती है। इसके बिना हमारा जीवन नीरस हो जाता है। डा. प्रदीप यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कला जातीय रूढियों और धार्मिक बाधाओं को पार करती हैं तथा समुदायों के निर्माण में सहायता करती है। प्राचार्य बजरंग लाल का कहना है कि इससे आत्मसम्मान बढ़ता है और लोगों को दुनिया को नए तरीके से अनुभव करने में मदद मिलती। है। उपप्राचार्या सोनल यादव ने कहा कि बहुत से लोग कला को शौक के तौर पर पसंद करते हैं। दूसरे लोग कलाकार के तौर पर अपनी आजीविका भी चलाते हैं। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व नांगल चौधरी पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि नेशनल इंडोमेंट फॉर द आर्ट्स के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका में दो मिलियन से ज्यादा पेशेवर कलाकार है। जिसमें फैशन डिजाइनर फ्लोरल डिजाइनर और ग्राफिक कलाकार इत्यादि आते हैं। कला सम्पूर्ण मानव जीवन को तो विकसित करती ही हैं। साथ में आजीविका का साधन भी बनती हैं। इसलिए हमारा शैक्षणिक क्षेत्र में भी प्रयास रहता है की बच्चों को रोज़गारोन्मुखी शिक्षा के साथ व्यावसायिक कौशल का भी ज्ञान दिया जाए।

## सिहमा गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता रैली निकाली

- आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं : मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अटेली



**मंडी अटेली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

खंड सिहमा की आंगनबाड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर गांव की सरपंच सुमन देवी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली आंगनबाड़ी से शुरू होकर गांव की चौपालों से होते हुए बस स्टैंड पर संपन्न हुई। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनबाड़ी वर्कर मनोज ने की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से जिले में बेटियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के अभियान चलाते रहने से लोगों को प्रेरणा मिल रही है। इसी का परिणाम है कि बेटों से ज्यादा बेटियों में लिंग अनुपात में बढ़ोतरी हुई है। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं।

चाहे वह खेल का मैदान हो शिक्षा का क्षेत्र हो या कोई भी क्षेत्र हो बेटियां किस्मत वालों के घर जन्म लेती हैं। जिस घर में बेटी नहीं, उस घर में देवताओं का वास नहीं होता। बेटियां एक-साथ दो परिवारों को जोड़ कर रखती है।

इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर के अलावा गांव की महिलाएं उपस्थित थी।




**मंडी अटेली।** सलीमपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सलीमपुर में रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर में आंगनबाड़ी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर रैली निकाली गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर मनीषा सहित अन्य लोगों के साथ रैली निकालते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

लोगों से अपनी बेटी का कम उम्र में शादी नहीं करने सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी। उपस्थित लोगों से अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करने की सलाह दी। आंगनबाड़ी वर्कर मनीषा ने बताया कि आज बेटियां हर क्षेत्र में ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है।

उन्होंने बताया कि आज भारत ही नहीं, अपितु विश्व में विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व हमारी बेटियां कर रही हैं। आज शिक्षा हो या नौकरी अथवा राजनीति सभी क्षेत्रों में बेटियां आगे रही है। इस मौके पर आंगनबाड़ी से लीलावती, सावित्री व संतोष के अलावा गांव की अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## कनीना चेयरपर्सन ने पीएम का स्वागत कर लिया आशीर्वाद

- हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान भरने के साथ-साथ हरियाणा के विकास को लगे पंख
- प्रधानमंत्री के सानिध्य में देश बनेगा विकसित भारत : डा. रिंपी कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



**कनीना।** पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत कर उनका आशीर्वाद लेती चेयरपर्सन डॉ. रिंपी कुमारी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार को हिसार में आयोजित जनसभा में कनीना का प्रतिनिधित्व नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी कुमारी द्वारा करने पर नगरवासियों ने खुशी जताई है। प्रधानमंत्री द्वारा हिसार में महाराजा अग्रसेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के भव्य उद्घाटन के समय डॉ. रिंपी कुमारी ने प्रधानमंत्री का स्वागत उपरांत उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कनीना के नपा के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढा के अलावा मा कृष्ण सिंह, जेपी यादव,रतन सिंह, सत्यनारायण ने बताया कि रिंपी कुमारी के लिए ये गौरवमयी क्षण था। जिन्होंने इस सभा में अग्रणी पंक्ति में रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का स्वागत कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी कुमारी ने उनके सानिध्य को अत्यंत प्रेरणादायक ओर दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि हिसार में महाराजा अग्रसेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित करने से न केवल हिसार व आसपास जिले के लोगों को फायदा मिलेगा बल्कि समूचे हरियाणा को विकास के रूप में उडान के पंख लगेगें। हवाई अड्डे का उद्घाटन आर्थिक दृष्टि से मजबूत तथा नींव का पत्थर साबित होगा।

डॉ. रिंपी कुमारी ने कहा कि यहां से हवाई जहाज की पहली उड़ान अयोध्या के लिए भरी गई है जहां श्रद्धालु श्रीराम मंदिर का दर्शन करने के बाद अपने आप को सौभाग्यशाली समझेंगें। उन्होंने कहा कि जब कोई नया कार्य शुरू किया जाता है तो भगवान का नाम लेकर, पूजा अर्चना एवं मंदिर जाकर किया जाता है।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी वहीं अब हिसार से पहली सीधी उडान अयोध्या के लिए कर शुभकार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश दिनोंदिन नई ऊंचाइयां छू रहा है। उनके मार्गदर्शन में देश में अनेक हवाई अड्डे स्थापित किए गए हैं वहीं रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव किया है।



**कनीना।** अनाज मंडी में आए गेहूं की ढेरी।

## कनीना की पुरानी मंडी में गेहूं और सरसों की आवक जारी

- अब तक 32813 क्विंटल गेहूं तथा 152526 क्विंटल सरसों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना की पुरानीमंडी में गेहूं की आवक बढ़ती जा रही है। मंगलवार को 134 किसानों से 4434 क्विंटल गेहूं खरीदा गया।

खरीद एजेंसी फूड सप्लाई की ओर से अब तक 32813 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जबकि 21 हजार क्विंटल का उठान किया गया है। खरीद एजेंसी की ओर से ध्यान सिंह ने बताया कि मंडी में बारदाने की समुचित व्यवस्था है तथा उठान कार्य में तेजी लायी जा रही है।

दूसरी ओर नई मंडी चेलावास में स्टेट वेयर हाउस की ओर से सरसों की खरीद की जा रही है। यहां पर अब तक 152526 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से 120326 क्विंटल का उठान कर दिया गया है। बता दें कि सोमवार को डीसी डा. विवेक भारती ने कनीना मंडी का निरीक्षण कर खरीद एजेंसी को पारदर्शिता बरतने तथा उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

### वक्ताओं ने डॉक्टर अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने का दिया संदेश

# खटीक समाज ने जयंती पर बाबा साहेब को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

खटीक समाज ने सोमवार को बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर की 134वीं जयंती समानता एवं ज्ञान दिवस के रूप में बहरोड रोड स्थित श्री श्री 1008 दुर्बल नाथ सेवा समिति आश्रम में बड़ी धूमधाम से मनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य प्रभु दयाल खींची मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अधीक्षक सोहनलाल चौहान ने की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉक्टर अंबेडकर के दिखाए गए मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि डा. बीआर अंबेडकर जिन्हें बाबा साहेब के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय इतिहास में एक महान व्यक्तित्व हैं। भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार होने से लेकर दलित वर्गों के लिए समानता और सामाजिक न्याय की



**नारनौल।** अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

लड़ाई लड़ने तक भारतीय समाज में उनके अपार योगदान को प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को भारत में भीमराव अंबेडकर जयंती के रूप में मनाया जाता है। बाबा साहेत अंबेडकर के नेतृत्व में किए गए पहले प्रमुख सार्वजनिक कार्यों में से एक 1927 का महाड़ सत्याग्रह था। जिसका उद्देश्य महाराष्ट्र के महाड़ में सार्वजनिक कुएं से जल का उपयोग करने के दलितों के अधिकारों को स्थापित करना था। इसी तरह 1930 के कलाराम मंदिर आंदोलन का उद्देश्य दलितों को हिंदू मंदिरों में प्रवेश करने का अधिकार सुरक्षित करना था। सामाजिक सुधार के लिए कानूनी मार्गों के महत्व को पहचानते हुए डा. बीआर अंबेडकर ने भी ब्रिटिश अधिकारियों के सामने दलितों को प्रतिनिधत्व किया। उन्होंने लंदन में गोलमेज सम्मेलनों में दलितों के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया और दलितों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए उनके लिए अलग प्रतिनिधित्सव सुनिश्चित करने के लिए उनके लिए अलग निर्वाचन क्षेत्रों की वकालत की।

बाबासाहेब के प्रयासों का परिणाम 1932 के पूना पैक्ट के रूप में सामने आया। जिसने आम निर्वाचन क्षेत्रों में दलितों के लिए आरक्षित सीटों का प्रावधान किया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति में बीआर अंबेडकर की सबसे स्थायी विरासत संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका है, जो भारतीय संविधान की रूपरेखा तैयार करने के लिए जिम्मेदार थी।

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में डा. बीआर अंबेडकर से सुनिश्चित किया कि दस्तावेज में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांत निहित हों। अस्पृश्यता के उन्मूलन और कुछ पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण जैसे प्रावधानों को शामिल करना जातिगत भेदभाव और असमानता के खतरों से मुक्त स्वतंत्र भारत के उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है।

**मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

इस दौरान वर्ष 2024 में दसवीं व बारहवीं में 70 प्रतिशत या अधिक, ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन में 60 प्रतिशत या अधिक से पास हुए 30 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने बाबा साहब की जीवनी पर अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

## प्राइवेट बस संचालक पर जबरन वसूली का आरोप



विवेक गर्ग

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को सरकारी बसों के साथ-साथ निजी बसों में भी बस पास के तहत मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। सरकार ने निजी बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे सभी छात्रों चाहे वे लड़के हों या लड़कियां के बस पास को मान्य करें। इसके बावजूद जिले में हजारों छात्र निजी बस चालकों द्वारा शोषण का शिकार हो रहे हैं। खासकर लड़कों के बस पास को नकारा जा रहा है। उन्हें बस में चढ़ने से रोका जाता है और जबरन किराया वसूला जाता है। इस मुद्दे को उठाते हुए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र विवेक गर्ग ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, परिवहन मंत्री अनिल विज, हरियाणा रोडवेज निदेशक, जिला उपायुक्त और महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज नारनौल को ईमेल कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**नीलामी सूचना**

कृषि विभाग नारनौल द्वारा राजकीय बीज फार्म, नावां व महेन्द्रगढ़ को एक वर्ष तक पट्टे पर देने के लिए नावां कृषि फार्म की खुली बोली दिनांक 18.04.2025 को सुबह 10:00 बजे कृषि विकास अधिकारी कार्यालय नावां में तथा महेन्द्रगढ़ कृषि फार्म की खुली बोली दिनांक 18.04.2025 को दोपहर 02:00 बजे उप मण्डल कृषि अधिकारी कार्यालय महेन्द्रगढ़ में लगाई जायेगी। इच्छुक किसान (बोलीदाता) निर्धारित समय व स्थान पर पहुंच कर नीलामी में भाग ले सकते है।

बोली की शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

हस्ता/- उप निदेशक,
कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, नारनौल

## खबर संक्षेप



### हकेंवि के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय स्कूल आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी द्वारा बीटेक विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। आगामी 19 अप्रैल तक चलने वाले इस भ्रमण को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आज का समय अनुभव से सीखने का है। व्यावहारिक ज्ञान राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य अंग है। जिसका उद्देश्य विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है।



### स्कूल में दाखिला बढ़ाने के लिए बीईओ ने ली बैठक

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर में खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ बैठक की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ स्कूल में बच्चों के दाखिला वर्दी हेतु विचार विमर्श किया। बीईओ अशोक कुमार ने ग्राम पंचायत के सदस्यों को स्कूल में बच्चों का दाखिला डालने के लिए बच्चों में आस-पड़ोस के गांव के बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया।

### बागोत से 62 वर्षीय व्यक्ति लापता

**कनीना।** गांव बागोत से एक 62 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया। इस बारे में धर्मबीर ने पुलिस को दी षिकायत में कहा कि 13 अप्रैल की रात्री को वे अपने खेत में गेहूं का भंडारण करने के लिए निकले थे तथा अपने पिता चेतराम को घर पर बैठक में सुलाकर गए थे। वे सुबह चार बजे घर पर आए तो चेतराम घर पर नहीं मिले।

# समयावधि पूरी होने के दो साल बाद भी नहीं बन पाया नागरिक अस्पताल का नया भवन

*10 जुलाई 2021 को नए भवन निर्माण का शिलान्यास कर काम किया गया था शुरू*

*वर्ष 2023 में बनकर तैयार होना था नया भवन, भवन का 80 प्रतिशत निर्माण पूरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के नागरिक अस्पताल के नए भवन के निर्माण की समयावधि पूरी होने के बाद दो साल बाद निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि नए भवन का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। नया भवन साल के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा।

बता दें कि क्षेत्र के लोगों की मांग पर सरकार की ओर से वर्ष 2019 में उप नागरिक अस्पताल इसका दर्जा बढ़ाकर नागरिक अस्पताल कर दिया गया था। साथ ही 50 बेड से 100 बैड का करने की घोषणा हुई। 10 जुलाई 2021 को 26 करोड़ रुपये का बजट तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन बीच में कोरोना के चलते कुछ दिनों तक काम बंद रहा था। वर्तमान में नए भवन का निर्माण कार्य जारी है। लोक निर्माण विभाग की ओर से भवन निर्माण का 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। सभी मंजिलों पर लेंटर डालने का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही फर्श पर पत्थर भी लगाए जा चुके हैं। उम्मीद है कि विभाग शेष 20 प्रतिशत कार्य को भी जल्द पूरा कर लेगा।



महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल का नए भवन का अधूरा पड़ा कार्य। फोटो : हरिभूमि

#### नए भवन में यह मिलेंगी सुविधाएं

पर्याप्त भवन एवं संसाधनों के अभाव में अल्ट्रासाउंड, सीआरएस, एमआरआई के लिए मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। लोगों को भी लंबे समय से सुविधाओं का इंतजार है। महेंद्रगढ़, सतनाली व कनीना क्षेत्र के 106 गांवों को करीब दस लाख की आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्य जिलों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस नए भवन में आपातकालीन वार्ड, आक्सीजन प्लांट, अल्ट्रासाउंड, आधुनिक लैब सहित अन्य सुविधाएं मिलनी शुरू जाएंगी। आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भवन के निर्माण पर वह स्वयं निगरानी रख रहे हैं। समय-समय पर इसका निरीक्षण किया जा रहा है। अस्पताल के नए भवन का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य को तय समय में पूरा कराने के लिए लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

#### अस्पताल में नहीं अल्ट्रासाउंड मशीन:

महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल को नागरिक अस्पताल का दर्जा मिले पांच साल बीत चुके है। लेकिन अभी तक नागरिक अस्पताल की सुविधाओं में कोई बदलाव नहीं आया है। ऐसे में अस्पताल में आने वाले अधिकांश मरीजों को अन्य अस्पताल में रेफर किया जाता है। नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन, सी-एआरएम मशीन, ईएनटी सर्जन तक की सुविधा नहीं है। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 60 से 70 मरीजों को अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता पड़ती हैं। लेकिन नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को निजी लैब में मोटी राशि खर्च करनी पड़ रहीं हैं। शहर में करीब 10 निजी लैंब हैं। जिनमें प्रतिदिन मरीजों की भीड़ जमा रहती है।

## हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को भेजा मांग पत्र

# डेली डायरी को ऑनलाइन अपडेट करने का अध्यापकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की बैठक मंगलवार डीईओ कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कृष्ण कुमार नंगली व डॉ जसवंत यादव ने की। बैठक में टीचर डेली डायरी को ऑनलाइन अपडेट करने में लगने वाले समय के कारण शिक्षण अधिगम कार्य को लेकर सभी ने चिंता व्यक्त की। जिला महेंद्रगढ़ में अधिकतर स्कूलों में केवल दो व कुछ स्कूलों में केवल एक ही प्राथमिक शिक्षक कार्यरत है, ऐसे में डायरी ऑनलाइन लिखने में बहुत ज्यादा समय लगता है। इसके अलावा प्रदेश के सभी शिक्षक ऑफलाइन मोड में अपनी डायरी लिख रहे हैं, जिसे प्रत्येक दिन स्कूल मुखिया द्वारा सत्यापित किया जाता है और समय-समय पर उच्च अधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण भी किया जाता है। इस संबंध में डीईईओ को मांग पत्र सौंपा गया।

इस अवसर पर एसोसिएशन खण्ड महेंद्रगढ़ प्रधान सुरेंद्र जौनवासिया, नांगल चौधरी खण्ड प्रधान विजय दलाल, प्रधान रामकिशन गोमला कनीना, अटेली प्रधान मनोज सोलंकी ने अपना मत रखते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षक पहले से ही कई प्रकार की जानकारियां ऑनलाइन कर रहा है परंतु डायरी लेखन ऑनलाइन अपडेशन कार्य अधिक टाइम कंजूमिंग प्रक्रिया है इसके अलावा कई क्षेत्र में इंटरनेट कनेक्टिविटी समस्याएं भी रहती है। जिला वरिष्ठ उप प्रधान सुरेश यादव, उप प्रधान राजेंद्र यादव व जिला सचिव अभय यादव ने बताया कि यह जटिल प्रक्रिया होने के कारण निश्चित तौर पर शिक्षकों को नन्हे बच्चों को पढाने में कम समय मिलेगा।

हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन राज्य सचिव सुबे सिंह व डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन राज्य सचिव महेश यादव विशेष रूप से इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने इस कार्य को पूर्णता आधारहीन और बच्चों के लिए नुकसानदायक बताते हुए शिक्षकों की इस मांग को जायज बताया। राज्य सचिव सुबह सिंह ने बताया कि अगले सप्ताह इस विषय में निदेशक से राज्य कार्यकारिणी बैठक करेगी। डीएसटी एसोसिएशन द्वारा भी इसका विरोध किया जाएगा। बैठक में सभी शिक्षकों की चिंताजनक टिप्पणियों के बाद जिला प्रधान कृष्ण कुमार नंगली ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक भी यह चाहते हैं कि शिक्षक अधिक से अधिक समय उनके बच्चों को पढ़ाने में दे। जिला प्रधान ने इस कार्य को अव्यवहारिक व विद्यार्थियों के हित में नकारात्मक बताते हुए सर्वसम्मति से शिक्षा मंत्री व निदेशक शिक्षा विभाग को डीईईओ के माध्यम से अनुरोध पत्र भेजने का निर्णय लिया।



नारनौल। डीईओ को मांग पत्र सौंपते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

#### आनलाइन अध्यापक डायरी का विरोध करेगा प्राथमिक शिक्षक संघः अनिल सिसोठिया

**महेंद्रगढ़।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक के प्रधान अनिल सिसोठिया ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा ने सभी शिक्षकों को आनलाइन टीचर डायरी हरियाणा सरकार के द्वारा जारी पत्र आठ अप्रैल के अनुसार जो आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें अध्यापकों को एमआईएस पर डायरी अपडेट करने के लिए लिखा गया है यह व्यावहारिक तौर पर बिल्कुल भी संभव नहीं हैं। एक प्राथमिक शिक्षक जिसके पास तीन या पांच कक्षाएं हैं, वह सभी कक्षाओं के विषय की एमआईएस पर डायरी अपडेट नहीं कर पाएगा। इसमें समय भी बहुत व्यर्थ होगा। वहीं समय जो बच्चों को दिया जाना है उसे वह यदि इन कार्यों में प्रयोग करेगा तो शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के लिए समय नहीं निकल पाएगा। यह कार्य बहुत ही समय को बर्बाद करने वाला प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि निपुण एफएलएन हरियाणा के अंतर्गत किया जाने वाला मूल्यांकन अत्यधिक लंबा और पेचीदा है। जिसके कारण बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है व समय भी व्यर्थ हो रहा हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा बच्चों की एक ही प्रकार की दक्षता के मूल्यांकन का रिकॉर्ड बार-बार के स्थान पर एक ही बार दर्ज किया जाए। मोबाइल आधारित मूल्यांकन को बंद किया जाए। उन्होंने बताया कि उल्लास कार्यक्रम के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है उल्लास का कार्य बेरोजगार पढ़े-लिखे नौजवानों या एनजीओ से करवाया जाए।



नारनौल। महिलाओं को सैंपल कलेक्शन, ओटी टेस्ट व जल गुणवत्ता के बारे में प्रशिक्षण देते लैब कैमिस्ट सुधीर चौधरी।

# शहर को मिले स्वच्छ पेयजल कार्य करेंगी समूह की महिलाएं

- अमृत 2.0 योजना के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अमृत 2.0 योजना के अमृत मित्र के तहत शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला लैब में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस बैठक में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिला सदस्यों को विभागीय योजनाओं एवं जल गुणवत्ता से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यशाला का आयोजन लैब कैमिस्ट सुधीर चौधरी व जिला सलाहकार मंगतु राम सरसवा की मौजूदगी में किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि अमृत मित्र योजना के तहत जिला महेन्द्रगढ़ के दो शहरों का चयन हुआ है। इसमें नारनौल व महेन्द्रगढ़ शहर शामिल हैं। नारनौल और महेन्द्रगढ़ शहरी क्षेत्रों में जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कई गतिविधियां चलाई जाएंगी। इनमें घरों से पानी के नमूने एकत्र करना, लैब में जांच करवाना, जल रिसाव (लीकेज) की पहचान, अस्वच्छ जल कनेक्शनों की पड़ताल एवं ओटी किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांच भी शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि इन कार्यों के लिए चयनित सेल्फ हेल्प ग्रुप को एक निर्धारित राशि भी प्रदान की जाएगी।

#### जल गुणवत्ता का दिया प्रशिक्षण

इस अवसर पर लैब केमिस्ट सुधीर चैधरी ने उपस्थित महिलाओं को सैंपल कलेक्शन, ओटी टेस्ट और जल गुणवत्ता के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान फील्ड से सैंपल कलेक्शन करने की सुरक्षित विधि के बारे में जानकारी दी। वहीं क्लोरिन जांच के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि चयनित स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं को प्रत्येक दिन 15 सैंपल एक शहर से लैब में जांच के लिए जमा करवाने हैं।

# आगजनी से बचाव के प्रति किया जागरूक

- राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढाढ़ोत में मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढाढ़ोत में मंगलवार को अग्निशमन दल के कर्मचारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों व छात्रों को अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। गणित प्रवक्ता सतन सिंह ने बताया कि दमकल अधिकारी विकास कुमार के नेतृत्व में जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से अग्निशमन कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को आग लग जाने पर उससे बचाव एवं रेस्क्यू संबंधित जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी विकास कुमार व उनकी टीम के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रदर्शन मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशमन दस्ता के सदस्यों ने सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर लगा आग बुझाकर दिखाया। दमकल के पदाधिकारी ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता फैलाकर हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। यह प्रदर्शन इसलिए किया गया, ताकि आम लोग एवं स्कूली बच्चे आग लगने पर खुद का बचाव करने के साथ आग पर काबू पा सकें। आग लगने के कई कारण हो सकते हैं। आग कभी-कभी इतनी विकराल हो जाती है कि लोग पूरी तरह बर्बाद हो जाते हैं। उनकी कमाई का सब कुछ जलकर राख हो जाता है। प्राचार्य अजीत सिंह ने कहा कि इससे बच्चे और अभिभावक अवश्य जागरूक होंगे उन्होंने अधिकारियों का स्कूल में पहुंचने पर अभिनंदन किया।



महेंद्रगढ़। दमकल के कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# प्रतिभागी डाटा संग्रहण की कार्यप्रणाली से अवगत हुए

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान हेतु शोध पद्धति पाठ्यक्रम के सातवें और आठवें दिन प्रतिभागियों ने डाटा संग्रहण विधियों और उन्नत सांख्यिकीय विश्लेषण पर केंद्रित प्रशिक्षण लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने सामाजिक विज्ञान में डेटा-आधारित अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के सातवें दिन हकेंवि के समाजशास्त्र विभाग की डॉ. रीमा गिल ने साक्षात्कार तकनीकों पर केंद्रित सत्र का संचालन किया। उन्होंने गुणात्मक डाटा संग्रहण की व्यावहारिक विधियों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश में मनोविज्ञान विभाग के प्रो. संदीप कुमार ने एसपीएसएस सॉफ्टवेयर के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रारंभिक डेटा प्रोसेसिंग, डेटा क्लिनिंग और तैयारी के साथ-साथ वर्णनात्मक एवं अनुमानात्मक सांख्यिकी के बुनियादी सिद्धांतों और अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

# बाबा साहब ने लड़ी वंचितों की लड़ाई

- दीये प्रज्ज्वलित कर मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर महेंद्रगढ़ ज़िले के अनेक स्थानों पर दीपोत्सव कर बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति की साफ़ सफ़ाई व माल्यार्पण कर संविधान के दाता को सम्मान अर्पित कर देश के प्रति उनकी सेवाओं को याद किया। 14 अप्रैल 1891 महू मध्य प्रदेश में जन्मे भारत के पहले कानून व न्याय मंत्री बाबा साहेब श्री भीम राव अम्बेडकर की कड़ी मेहनत के फलस्वरूप आज भारत को एक मजबूत संविधान प्राप्त हुआ। बाबा साहब ने ग़रीब मज़दूर वर्ग के हितों की लड़ाई रखी।

यतेंद्र राव ने कहा भाजपा सरकार ने उन्हें सम्मान देते हुए भारत रत्न प्रदान किया।

बाबा साहब का योगदान हमेशा हमेशा याद किया जाएगा। अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रदेश में हिसार व यमुनानगर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ व विभिन्न परियोजनाओं की सौगात प्रदेश की जानता को मिली। इस अवसर पर महेंद्रगढ़ ज़िले के हज़ारों कार्यकर्ता 100 से अधिक बसों व 200 से अधिक कारों के माध्यम से हिसार प्रधानमंत्री को सुनने जिला अध्यक्ष व जन प्रतिनिधियों के नेतृत्व में पहुंचे।



नारनौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव।

#### 15 से संगोष्ठी

जिला मीडिया प्रमुख विकास अग्रवाल ने बताया कि बाबा साहब को सम्मान देने के लिए 15 से 25 अप्रैल को पूरे प्रदेश में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए निवर्तमान जिलाध्यक्ष दयाराम यादव को प्रदेश टोली में स्थान मिला है तथा ज़िले से जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव के साथ भवानी सिंह, करमवीर खिची, संजय अमन, रामनिवास खेड़ी, योगेश शास्त्री, मामन सिंह, किशन सैनी बोहरा, आनंद मेहता अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को आयोजित कराएंगे।

## स्थापना दिवस पर विशेषः 76° पूर्वी देशांतर और 28° 5’ उत्तरी अक्षांश पर बसा था गांव

# रतनसिंह ने अपने भाई भीखाराम के नाम से बसाया था गांव भांखरी

राजकुमार ▶▶| नारनौल

जिला मुख्यालय से नारनौल-सिंघाना रोड (एनएच-11) पर लगभग 12 किलोमीटर दूर नारनौल के पश्चिम में 76 पूर्वी देशांतर और 28 5’ उत्तरी अक्षांश पर बसा है गांव भांखरी। गांव के उत्तर में खटौटी खुर्द, दक्षिण में दौचाना और जादूपुर, पूर्व में हमीदपुर व ढोसी गांव तथा पश्चिम में शिमला, बलाहा व गोद गांव स्थित हैं। यह गांव राजस्थान राज्य के झुंझुनू जिले की खेतड़ी तहसील के ग्रामीण तबके से सटा हुआ है। ग्रामीण बुजुर्ग बताते हैं कि रतन सिंह ने अपने भाई भीखाराम के साथ वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की दूज, संवत 1115 को इस स्थल पर डेरा डाला था। रतन सिंह विवाहित थे, लेकिन उनके भाई भीखाराम अविवाहित थे। रतन सिंह ने यह निर्णय लिया कि गांव का नाम उनके अविवाहित भाई भीखाराम के नाम पर रखा जाए। इसलिए उन्होंने गांव का नाम भीखावाली रखा, जो समय के साथ परिवर्तित होकर भांखरी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। राजस्थान की सीमा से सटा यह गांव लगभग 1425 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। यहां की जलवायु अर्धमरुस्थलीय महाद्वीपीय प्रकार की है, जहां गर्मियों में अत्यधिक गर्मी और सर्दियों में तीव्र सर्दी पड़ती है। यहां की सामान्य वार्षिक वर्षा 454 मिमी होती है, जिसमें से 76 प्रतिशत वर्षा जुलाई से सितंबर के बीच दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाओं से होती है। यहां की वर्षा का वितरण असमान है तथा वर्षा की मात्रा और समय में भी अनिश्चितता देखी जाती है। कुछ वर्षा शीत ऋतु में शीतोष्ण चक्रवातों के प्रभाव से भी होती रहती है। इस क्षेत्र में 15 मार्च से तापमान में वृद्धि शुरू हो जाती है और जून में यह 48 सेल्सियस तक पहुंच जाता है। अप्रैल से धूलयुक्त गर्म हवाएं चलने लगती हैं, जबकि मई-जून में चलने वाली लू अत्यंत गर्म होती हैं।

सर्दियों में शीतल हवाओं के कारण तापमान शून्य डिग्री तक गिर जाता है, जिससे पाला पड़ता है और विशेष रूप से रबी की नगदी फसल सरसों को भारी नुकसान होता है। गर्म व शुष्क जलवायु के कारण यहां मरुद्भिद्धि प्रकार की वनस्पति पाई जाती है। इन पौधों की छाल सख्त, पत्ते छोटे और चिकने तथा जड़ें लंबी व कांटेदार होती हैं।








नारनौल। एनएच 11 पर लगाया गया संकेतक। गांव में बना प्राचीन पनघट व गांव में बना मंदिर।

**वनस्पति एवं वन्य प्राणियों की स्थिति:** यहां प्रमुख वनस्पतियों में कैर, जांटी, जाल, इन्दोख, बेरी, पीपल, नीम, शीशम, सिरस, बरगद व कीकर शामिल हैं। वन्य प्राणियों के आश्रय स्थल समाप्त हो जाने के कारण यहां अब इनकी संख्या बहुत ही कम रह गई है। वर्तमान में नीलगाय, खरगोश और गीदड़ जैसे कुछ वन्य प्राणी ही बचे हैं। पक्षियों में तीतर, बटेर, चिड़िया, बुलबुल, मैना, तोता, कबूतर, कौवा, कोयल, गुरशल व मोर प्रमुख हैं। पालतू जानवरों में गाय, भैंस, बकरी, भेड़, गधे, घोड़े, बैल, ऊंट व खच्चर प्रमुख हैं।

**चार दशकों में नीचे चला गया भूजल:** गांव में पेयजल और सिंचाई के लिए भूमिगत जल ही मुख्य स्रोत है। पिछले लगभग 40 वर्षों में नलकूपों के अत्यधिक दोहन से जलस्तर बहुत नीचे चला गया था, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां की नहरों में पानी चलने से अंतिम छोर तक जल पहुंचाया गया है, जिससे कुछ सुधार हुआ है।

**दो हैं भांखरी:** यह गांव दो बस्तियों में विभाजित है, एक को ढाणी भांखरी और दूसरी को बड़ी भांखरी कहा जाता है। गांव के लगभग सभी मकान पक्के हैं और शहरी प्रारूप में बने हुए हैं। सभी गलियां पक्की हैं, लेकिन गंदे पानी की निकासी और साफ-सफाई पर ग्रामीणों का अपेक्षित ध्यान नहीं है।

**साक्षरता की स्थिति:** यह गांव शिक्षा के मामले में काफी मजबूत स्थिति रखता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में यहां के युवा खास नाम कमा चुके हैं। गांव की साक्षरता दर 90.02 प्रतिशत है। यहां लगभग 300 लोग विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं, जिनमें आईएएस, आईपीएस, जज, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, प्रिंसिपल, कर्नल, मेजर, सूबेदार, हवलदार, इंस्पेक्टर और शिक्षक शामिल हैं।

### अचानक लेन बदलने से वाहन टकराएं

**कनीना।** नेशनल हाईवे नम्बर 152डी पर खरकड़ा बास के समीप घटित सडक हादसे में एक भारी वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कनीना सदर थाना पुलिस ने घायल के पुत्र की शिकायत पर आरोपित वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में सोनीपत के गांव तेवड़ी वासी सोनू ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता धर्मबीर ट्राला चालक की नौकरी करता है। उन्हें सूचना मिली कि सड़क हादसे में पिता घायल हो गया है। जिसे उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में दाखिल कराया गया है। सोनू अपने परिजनों के साथ घटना स्थल एवं अस्पताल पहुंचा तो सारे हालात देखे। पुलिस ने आरोपित वाहन चलक के विरूद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।